वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से
डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 9] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 26 फरवरी 2016-फाल्गुन 7, शके 1937

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

मेरा नाम एड. वीरेन्द्र कुमार ठाकुर आत्मज विश्वम्भर सिंह सभी दस्तावेजों में है. अब आज से मेरा सरनेम (उपनाम) वीरेन्द्र कुमार ठाकुर के स्थान पर वीरेन्द्र कुमार सिंह हो गया है. आज से मेरा नाम सभी दस्तावेजों में वीरेन्द्र कुमार सिंह आत्मज विश्वम्भर सिंह के नाम से लिखा एवं पढ़ा जावे तथा जाना पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(वीरेन्द्र कुमार ठाकुर)

नया नाम :

(वीरेन्द्र कुमार सिंह)
आत्मज विश्वम्भर सिंह,
निवासी—ग्राम व पोस्ट मारबोड़ी,
जिला सिवनी (मध्यप्रदेश).

(630-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं कु. संध्या किवे पिता स्व. श्री गोविन्द राव किवे यह घोषणा करती हूँ कि विवाह पूर्व मेरा नाम कु. संध्या किवे पिता श्री गोविन्द राव किवे था, जो मेरे समस्त प्रमाण-पत्रों में दर्ज है. मेरा विवाह दिनांक 24-02-1980 को श्री प्रदीप चांदोरकर, निवासी राजीव वार्ड, सिविल लाईन्स, नरसिंहपुर के साथ हो जाने के बाद मुझे श्रीमति ज्योति चांदोरकर के नाम से जाना जावे व मेरे समस्त दस्तावेजों में लिखा जावे.

पुराना नाम :

(कु. संध्या किवे)

नया नाम :

(ज्योति चांदोरकर)

(631-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि रेखा पिता राजाराम सिंह, उम्र 30 वर्ष, व्यवसाय गृहणी, वर्तमान पता-पिन्टो पार्क, ग्वालियर की हूँ. मेरा विवाह दिनांक 20-05-2005 को श्री अभिलाख सिंह पुत्र श्री रामवतार सिंह, उम्र-35 वर्ष, व्यवसाय आर्मी सेवारत, निवासी—ग्राम सौरा, तहसील अटैर, जिला भिण्ड के साथ हुआ है और वर्तमान पता-न्यू राम विहार कॉलोनी, पिन्टू पार्क, गोला का मन्दिर, ग्वालियर है. विवाह के पूर्व से मुझे रेखा के नाम से जाना जाता था, विवाह के पश्चात से मुझे रानी के नाम से जाना जाता है. इस प्रकार मेरा विवाह के पश्चात से नाम रेखा के

स्थान पर रानी पत्नी अभिलाख सिंह पुत्री श्री राजाराम सिंह हो गया है. विवाह के पश्चात से मेरे द्वारा होने वाले प्रत्येक समव्यवहार रानी के नाम से होने आ रहे हैं. अत: इस प्रकार मेरा ''रेखा'' के नाम परिवर्तन होकर ''रानी'' हो चुका है. मेरा स्थायी पता ग्राम सौरा, तहसील अटैर, जिला भिण्ड है. वर्तमान पता न्यू रामविहार कॉलोनी, पिन्टू पार्क, गोला का मन्दिर, ग्वालियर है. यह सर्व विदित हो.

संजय कुमार शर्मा,
एडवोकेट.
ज्येन्द्रगंज पारसमणी मॉल, ग्वालियर (म.प्र.).

(632-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अवयस्क पुत्र करन गेही, निवासी-73, लाडकाना नगर, इन्दौर (म.प्र.) का नाम बदलकर करन गेहानी (KARAN GEHANI) रख लिया है. अत: भविष्य में मेरे पुत्र को करन गेहानी के नाम से जाना-पहचाना जाए. सो विदित होवे.

(शुनील कुमार गेहानी)
73, लाडकाना नगर, इन्दौर (म.प्र.).

(633-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम मुस्ताक खान व 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम मुस्ताक खाँ खान मंसूरी अंकित है. जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम मोहम्मद मुस्ताक मंसूरी अंकित है जो कि सही है.

अत: भविष्य में मुझे मोहम्मद मुस्ताक मंसूरी के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे.

पुराना नाम :

(मुस्ताक खाँन/मुस्ताक खाँ खाँन मंसूरी)

नया नाम :

(मोहम्मद मुस्ताक मंसूरी)
पुत्र श्री काले खाँ,
लक्कड़खाना, इंगले की गोठ,
लश्कर, ग्वालियर.

(634-बी.)

CHANGE OF NAME

I, Smt. Nisha kamrani have changed my name from Nisha kamrani to Nisha Arora by affidavit sworn before the Notary Public, Bhopal Madhya Pradesh. Henceforth, I shall be known as Nisha Arora for all purposes.

Old Name :

(NISHA KAMRANI)

F-108/3, Shivaji Nagar, Bhopal (M.P.).

(635-B.)

New Name :

(NISHA ARORA)

F-108/3, Shivaji Nagar,
Bhopal (M.P.).

नाम परिवर्तन

मैं, RAJENDRA KUMAR YADAV S/o SUKHDEV PRASAD YADAV यह सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट क्र. A-2425834, जारी दिनांक 03-09-1997 वैधता, दिनांक 02-09-2007 में मेरा नाम RAJENDRA KUMAR लिखा हुआ है जबकि मेरा पूरा नाम RAJENDRA KUMAR YADAV है जो कि मेरी शासकीय सेवा पुस्तिका, पेनकार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता सभी में दिया हुआ है. अत: मेरे नाम को RAJENDRA KUMAR YADAV ही पढ़ा एवं समझा जावे.

पुराना नाम :

(RAJENDRA KUMAR)

(राजेन्द्र कुमार)

नया नाम :

(RAJENDRA KUMAR YADAV)

(राजेन्द्र कुमार यादव)
पता—मकान नं. 930, अहिर मोहल्ला, हाऊबाग,
गुरूद्वारा गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.).

(636-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स रमेश कुमार बिहारी लाल, पता-106, शिवपुरा बैरसिया, भोपाल (म.प्र.) जो कि रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसाइटीज मध्यप्रदेश पंजीयन क्रमांक 1442/1979/80, दिनांक 19-10-1979 पर पंजीयत फर्म है, जिसका गठन भागीदार श्रीमती रामप्यारी बाई साहू पति श्री बटन लाल साहू एवं रमेश कुमार साहू पिता श्री बटन लाल साहू एवं बिहारी लाल साहू पिता श्री बटन लाल साहू की भागीदारी में किया गया था. दिनांक 01-04-1998 को श्रीमती रामप्यारी बाई साहू पति श्री बटन लाल साहू स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गई थी एवं 01-04-1998 से उनके स्थान पर सुरेश कुमार साहू पिता श्री बटन लाल साहू भागीदार हो गए थे.

इसके पश्चात दिनांक 31-03-2012 को श्री बिहारी लाल साहू पिता श्री बटन लाल साहू स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गए हैं. अत: वर्तमान में फर्म श्री रमेश कुमार साहू पिता श्री बटन लाल साहू एवं सुरेश कुमार साहू पिता श्री बटन लाल साहू की भागीदारी में संचालित की जा रही है. फर्म का पता दिनांक 01-04-1998 से 106, शिवपुरा, बैरसिया से परिवर्तित होकर मैसर्स महालक्ष्मी दाल मिल विदिशा रोड बैरसिया, जिला भोपाल हो गया है.

प्रदीप कुमार शर्मा,
अधिवक्ता.
ए-48, डॉ. अम्बेडकर कॉलोनी,
ओल्ड सुभाष नगर, भोपाल-462023

(637-बी.)

आम सूचना

भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा-72 के अधीन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स शिवा टूल्स इन्जीनियरिन्ग, भोपाल पंजीयन क्रमांक 01/01/01/0278/सन् 2015-2016, दिनांक 12-10-2015 उक्त फर्म के दोनो भागीदारो की सहमति से दिनांक 15-01-2016 से भंग कर दी गई है, तदानुसार सूचित हों.

सूचितकर्ता
वास्ते-मेसर्स शिवा टूल्स इन्जीनियरिन्ग,
बिवेकानंद सरकार,
(Partner).
154-ए, सेक्टर-एच. इन्डस्ट्रीयल एरिया,
गोविन्दपुरा, भोपाल.

(638-बी.)

आम सूचना

सभी शासकीय अर्ध शासकीय एवं प्राइवेट निर्माण एवं सप्लाई विभागों को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स माँ लक्ष्मी कन्ट्रक्शन कम्पनी, ग्राम मुहरई, तहसील हटा, जिला दमोह फर्म से पार्टनर श्री संतोष कुमार गुप्ता आत्मज श्री नर्बदा प्रसाद गुप्ता, निवासी-अरविंद साधनालय के पास टिकुरिया मोहल्ला, पन्ना, जिला पन्ना, दिनांक 30-06-2015 से उपरोक्त फर्म से पूर्ण रूप से अलग हो गये हैं. अत: दिनांक 30-06-2015 से मेसर्स माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन कम्पनी, ग्राम मुहरई, तहसील हटा, जिला दमोह नाम से कोई लेन-देन नहीं करेंगे यदि कोई शासकीय अर्ध शासकीय एवं प्रायवेट व्यक्ति इस फर्म के नाम पर कोई भी लेनदेन करता है तो उसकी स्वयं की जबावदारी होगी फर्म 30-06-2015 से किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी पार्टनर महेश कुमार पटेल मेसर्स माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन कम्पनी मुहरई द्वारा.

अभय जैन,
(एडवोकेट)
दमोह (म.प्र.).

(639-बी.)

विविध

आयुक्तों तथा जिलाध्यक्षों की सूचनाएं

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी, जिला इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 28 जनवरी, 2016

क्र. 288/री.ए.डी.एम./2016.—अति. पुलिस अधीक्षक, यातायात, इन्दौर द्वारा अपने प्रतिवेदन द्वारा अवगत कराया गया कि इन्दौर शहर के अन्दर नवलखा से अग्रसेन होकर लोहा मण्डी एवं अनाज मण्डी की ओर प्रतिदिन प्रात: एवं संध्याकाल में भारी वाहनों का लगातार आवागमन होता रहता है. अग्रसेन चौराहा पर छावनी, टॉवर चौराहा एवं नवलखा चौराहा तरफ से आने वाले वाहनों का दवाब अत्यधिक रहता है, विशेषकर स्कूल/कॉलेज, शासकीय कर्मचारियों, प्रायवेट व्यक्तियों एवं व्यापारियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग होने से प्रात: 8.00 बजे से दोप. 12.00 बजे एवं सायं 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे के मध्य यातायात का अत्यधिक दबाव इस क्षेत्र में रहता है और सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. इस मार्ग पर सामान्य वाहनों के साथ-साथ भार वाहनों के परिवहन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका के साथ-साथ सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है.

2. इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा निरंजनपुर में स्कीम नं. 78 में न्यू लोहा मण्डी को विकसित कर दिया गया है. लोहा मण्डी व्यापारी एसो. द्वारा प्रस्तुत सूची अनुसार, आई. डी. ए. द्वारा लोहा मण्डी व्यापारियों को प्लाट भी आवंटित किये जा चुके हैं. उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए नवलखा से अग्रसेन होकर लोहा मण्डी में भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित/प्रतिबंधित किये जाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है.

3. प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया. प्राप्त प्रस्ताव से सहमत होते हुए मोटरयान नियम-1994 के नियम-215 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-115 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में मैं, पी. नरहरि, जिला दण्डाधिकारी, जिला इन्दौर निम्नानुसार व्यस्तम मार्ग पर उनके सामने दर्शाये गये समय एवं अवधि में ट्रक/भारवाही वाहनों के इन्दौर शहर में आवागमन को सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से निम्नानुसार प्रतिबन्धित करता हूँ:—

क्र.	मार्ग	प्रतिबंधित समय एवं अवधि	रिमार्क
1.	नवलखा से अग्रसेन चौराहा होकर लोहा मण्डी में आने-जाने वाले ट्रक/भारवाही वाहनें.	पूर्णकालिक.	केवल लोहा मण्डी से संबंधित लोहे वाले वाहनों के लिये यह प्रतिबंध रहेगा.
2.	नवलखा से अग्रसेन होकर अनाज मण्डी में आने-जाने वाले ट्रक/भारवाही वाहनें.	प्रात: 8.00 बजे से दोप. 12.00 बजे व सांय 5.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक.	केवल अनाज मण्डी से संबंधित वाहनों के लिये यह छूट/प्रतिबंध लागू रहेगा.

1. यह प्रतिबंध केवल भार वाहनों के लिये है, शेष हल्के वाहन जैसे कार/जीप तथा दुपहिया वाहन यथावत् पूर्ववत् चालू रहेंगे.

2. उपरोक्त आदेश विभिन्न विभागों तथा जन-सामान्य आदि से प्राप्त सूचनाओं तथा अन्य निष्कर्षों के आधार पर उक्त आदेश को पूर्णत:/अंशत: यथा अपेक्षित संशोधित किया जा सकेगा. यह आदेश एक मास की अवधि तक प्रभावशील रहेगा, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति आदि प्राप्त न होने पर यह अधिसूचना स्वत: अमल में आवेंगी.

पी. नरहरि,
(133) जिला दण्डाधिकारी.

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट, जिला छतरपुर

प्र. क्र. 02/बी-113/2015-16. छतरपुर, दिनांक 3 फरवरी, 2016

प्रारूप-4

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 (1951 क 30) मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

लोक न्यासों के पंजीयक (रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट अनुविभाग छतरपुर), जिला छतरपुर मध्यप्रदेश के समक्ष यह कि:—

क्र.	नाम	पता	पद
1	2	3	4
1.	ट्रस्ट का संस्थापक व संरक्षक तहसीलदार, छतरपुर पदेन	तहसील छतरपुर	संस्थापक व संरक्षक
2.	श्री दिनेश कुमार मिश्रा तनय श्री रामसेवक मिश्रा	बस स्टेण्ड, छतरपुर	अध्यक्ष
3.	श्री भगवत शरण अग्रवाल तनय झल्लू प्रसाद अग्रवाल	जटाशंकर होटल, छतरपुर	उपाध्यक्ष वरिष्ठ
4.	श्री नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, तनय आर. डी. त्रिवेदी	छतरपुर	उपाध्यक्ष
5.	श्री रामस्वरूप दुबे तनय शिवप्रसाद दुबे	चेतगिरि कॉलोनी, छतरपुर	सचिव
6.	श्री श्याम बिहारी पटवा तनय श्री स्व. बाबूलाल पटवा	सीताराम कॉलोनी, छतरपुर	कोषाध्यक्ष
7.	श्री मदन अग्रवाल तनय श्री राधेलाल अग्रवाल	चेतगिरि कॉलोनी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
8.	श्री विशाल दुबे तनय हल्के प्रसाद दुबे	असाटी मुहल्ला, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
9.	श्री ज्ञानी कुशवाहा तनय श्री नत्थू सिंह	गोल्डन पैलेस के पीछे, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य

1	2	3	4
10.	श्री जागेश्वर असाटी तनय दयाराम	चेतगिरि कॉलोनी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
11.	श्री पुन्नू विश्वकर्मा तनय मातादीन विश्वकर्मा	गुप्ता लॉज के पीछे, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
12.	श्री मुन्नालाल गुप्ता तनय श्री शंकरलाल गुप्ता	हटवारा मुहल्ला, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
13.	श्री दीपेन्द्र चौरसिया तनय मोहन लाल	दूधनाथ कॉलोनी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
14.	श्री मनोज साहू तनय लक्ष्मन प्रसाद साहू	गैस एजेन्सी के पास, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
15.	श्री सुनील विसवारी तनय रामदास विसवारी	मऊ दरवाजा, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
16.	श्री रमेश कुमार चौरसिया तनय स्व. श्री ज्ञानचंद्र चौरसिया	चेतगिरि कॉलोनी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
17.	श्री प्रमोद श्रीवास्तव तनय गजाधर श्रीवास्तव	बजरंग नगर, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
18.	श्री कमलेश असाटी तनय शिवदयाल असाटी	असाटी मुहल्ला, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
19.	श्री कमल गुप्ता तनय लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता	गुप्ता लाज, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
20.	श्री पुरुषोत्तमदास गुप्ता तनय श्री बाबूलाल	बस स्टेण्ड, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
21.	श्री हेमन्त विश्वकर्मा तनय गोविन्ददास	गुप्ता लॉज के पास, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
22.	श्री बलकार सिंह तनय चमन सिंह	सिद्ध गनेश मंदिर के पास, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
23.	श्री महेन्द्र नीखरा तनय मोहन लाल	गल्ला मण्डी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
24.	श्री नीरज मौर्य तनय श्री लक्ष्मनदास	फब्बारा चौक, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
25.	डॉ. नरेन्द्र पाण्डेय तनय श्री सुन्दरलाल पाण्डेय	सटई रोड, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
26.	श्री श्रीराम नोगरिया तनय स्व. मकुन्दीलाल	बजरिया छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
27.	श्री मोहन लाल तिवारी	सीताराम कॉलोनी, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
28.	लक्ष्मन कुशवाहा तनय कडोरे कुशवाहा	पठापुर रोड, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
29.	नीरज तिवारी तनय रामहित तिवारी	संकट मोचन, छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
30.	रविन्द्र दुबे तनय जानकी दुबे	छतरपुर	ट्रस्टी सदस्य
31.	नगर पुलिस अधीक्षक,	छतरपुर	पदेन सदस्य
32.	राजस्व निरीक्षक,	तहसील छतरपुर	पदेन सदस्य
33.	पटवारी सदर	तहसील छतरपुर	पदेन सदस्य

1. चूंकि आवेदक/न्यासियों की ओर से उनके अभिभाषक द्वारा श्री श्री 1008 श्री भैरों बाबा पब्लिक ट्रस्ट तहसील व जिला छतरपुर, म. प्र. पब्लिक ट्रस्ट के लोक न्यास पंजीयन हेतु ट्रस्ट एक्ट, 1951 के अधीन आवेदन-पत्र दिया गया है. एतद्द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कथित आवेदन पत्र पर दिनांक 8 मार्च, 2016 को मेरे न्यायालय में विचार पर लिया जावेगा. इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो वह आपत्ति इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से प्रकरण में नियत दिनांक के अन्दर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस में स्वयं अथवा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से अपनी आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. लोक न्यास का नाम और पता . . श्री श्री 1008 श्री भैरों बाबा पब्लिक ट्रस्ट बस स्टेण्ड चौक के पास, छतरपुर, (म. प्र.).

2. सम्पत्ति का विवरण—

चल सम्पत्ति:—

1. श्री गणेश जी की प्राचीन पाषाण की मूर्ति
2. ऊँ श्री शंकर जी बडे एवं छोटे प्राचीन मूर्ति जो प्राचीन पाषाण से निर्मित है.
3. चरण पादिका प्राचीन पाषाण की.
4. श्री श्री 1008 श्री भैरों बाबा की मूर्ति प्राचीन पाषाण की.

अचल सम्पत्ति:—

1. भूमि खसरा नं. 650/2 मौजा स्थित छतरपुर जो शासन की भूमि दर्ज है पर मंदिर का निर्माण जो हजारों वर्षों से निर्मित है.

डी. पी. द्विवेदी,

(134) रजिस्ट्रार एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय, पंजीयक, लोक न्यास, जिला नीमच

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 उपधारा-2 और

मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिए]

चूंकि श्रीमती डॉ. गायत्री गुर्वेन्द्र पति अमृत गुर्वेन्द्र, निवासी अगस्त भवन ए-2, म. न. 15, गायत्री कुंज शांतिकुंज हरिद्वार, उत्तराखण्ड द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया गया है.

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 04 मार्च, 2016 को विचार के लिये लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस विज्ञप्ति के द्वारा सूचना दी जाती है.

अत: मैं, आदित्य शर्मा, पंजीयक, लोक न्यास, नीमच मध्यप्रदेश का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 04 मार्च, 2016 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच प्रस्तावित करता हूँ.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक मास के अन्दर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और न्यायालय के समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण)

लोक न्यास का नाम व पता	..	"श्री अम्बिका चेरेटीबल ट्रस्ट" अम्बिका भवन प्रायवेट बस स्टेन्ड, नीमच (म. प्र.)
अचल संपत्ति	..	निरंक.
चल संपत्ति	..	रु.5,000/- (अक्षरी रुपये पाँच हजार मात्र)

दिनांक 30 जनवरी, 2016.

(135)

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 उपधारा-2 और

मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिए]

चूंकि श्री दुर्गाशंकर पिता लक्ष्मण जी कोली, निवासी म. न. एल-15 मांगलिक भवन के सामने इंदिरानगर, नीमच (म. प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया गया है.

एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 04 मार्च, 2016 को विचार के लिये लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस विज्ञप्ति के द्वारा सूचना दी जाती है.

अत: मैं, आदित्य शर्मा, पंजीयक, लोक न्यास, नीमच मध्यप्रदेश का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 04 मार्च, 2016 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच प्रस्तावित करता हूँ.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक मास के अंदर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और न्यायालय के समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का विवरण)

लोक न्यास का नाम व पता	..	"श्री अम्बा माता आरोग्य आश्रम सेवा न्यास ट्रस्ट" ग्राम निपानिया आबाद पोस्ट सेमली, चन्द्रावत तह. जिला नीमच (म. प्र.).
अचल संपत्ति	..	निरंक.
चल संपत्ति	..	रु.5,000/- (अक्षरी रुपये पाँच हजार मात्र)

दिनांक 30 जनवरी, 2016.

आदित्य शर्मा,
पंजीयक.

(135-A)

न्यायालय, पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग-कोतवाली, जबलपुर

प्रकरण क्र. 04/बी-113/2015-20.

प्रारूप-4

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 (2) के अंतर्गत]

आवेदक जबलपुर डायोसेशन ट्रस्ट ऐसोशियेशन जबलपुर की ओर से न्यासी श्री प्रेमचंद सिंह पिता श्री बी. सिंह, निवासी 2131, नेपियर टाउन, जबलपुर के द्वारा न्यास के पंजीयन हेतु मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 नियम-4 (2) के अधीन नीचे अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट कर पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है.

अत: एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 11 फरवरी, 2016 को विचार के लिए नियत है. कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त न्यास या संपत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभाषक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों/दावों/सुझावों पर कोई विचार के लिये ग्राह्य नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की संपत्ति का विवरण, लोक न्यास का नाम और पता)

1. लोक न्यास का नाम एवं पता .. जबलपुर डायोसेशन ट्रस्ट ऐसोशियेशन जबलपुर, 2131, नेपियर टाउन, जबलपुर
2. चल सम्पत्ति .. रु. 2,36,848.
3. अचल सम्पत्ति (1) संपत्ति कटनी स्थित खसरा नं. 154, 169, 172 ग्राम ढ्डरी रा. नि. मं. बिलहरी तह. रीठी, जिला कटनी.
   (2) संपत्ति सतना स्थित खसरा नं. 88/1625/1/क/1/क/2 ग्राम नांदनटोला प. ह. न. 27 रा. नि. मं. अमर पाटन, जिला सतना.
4. न्यास की आय का साधन .. दान द्वारा.

दिनांक 25 जनवरी, 2016.

अंकुर मेश्राम,
अनुविभागीय अधिकारी.

(136)

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, गौहरगंज, जिला रायसेन

गौहरगंज, दिनांक 27 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) एवं पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

समक्ष-रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, गौहरगंज, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश.

जैसा कि आवेदक ब्रम्हऋषि जन कल्याण न्यास ओबेदुल्लागंज, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन द्वारा मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन-पत्र सूची में दर्शाई गई सम्पत्ति के अनुसार पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 29 फरवरी, 2016 को विचार में लिया जावेगा. यदि कोई व्यक्ति या संस्था जो ट्रस्ट में या ट्रस्ट की सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो लिखित में दो प्रतियों में सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित आपत्तियाँ प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम व पता .. ब्रम्हऋषि जन कल्याण न्यास ओबेदुल्लागंज, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, (म. प्र.). ब्रम्हऋषि जन कल्याण न्यास, कार्यालय भवन क्रमांक 3 वार्ड क्र. 2 महावीर नगर गायत्री मन्दिर के पास हिरानियां ओबेदुल्लागंज, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन.
2. अचल सम्पत्ति का विवरण .. निरंक.
3. चल सम्पत्ति .. 1,11,111/- (एक लाख, ग्यारह हजार, एक सौ ग्यारह रुपये) बैंक खाते में.

राजेश श्रीवास्तव,
अनुविभागीय अधिकारी.

(137)

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं लोक न्यास पंजीयक सोहागपुर, जिला शहडोल

सोहागपुर, दिनांक 02 फरवरी, 2016

प्रारूप क्रमांक-4

[देखें नियम-5 (1)]

यत: कि श्री दिलीपराज द्विवेदी पिता स्व. तेजराज द्विवेदी प्रभा पत्नी दिलीपराज द्विवेदी, दिव्यांस द्विवेदी पिता दिलीपराज द्विवेदी, निवासी वार्ड नम्बर 09, शहडोल ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन एवं संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने के लिए आवेदन किया है, एतद्द्वारा राजपत्र में प्रकाशन हेतु सूचना-पत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 01 मार्च, 2016 को समय 10.30 बजे को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जावेगा.

अत: तत्संबंध में किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करे और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख को व्यक्तिश: अथवा अभिकर्ता अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. लोक न्यास का नाम व पता	. .	तेजराज द्विवेदी सेवा प्रकल्प वार्ड नम्बर 09, तहसील सोहागपुर, जिला शहडोल (म. प्र.).
2. अचल सम्पत्ति का विवरण	. .	निल.
3. चल सम्पत्ति	. .	देना बैंक शहडोल में जमा राशि रुपये 1,12,285.00.

आज दिनांक 02 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया.

सी. एल. चनाप,
अनुविभागीय अधिकारी.

(138)

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक, लोक न्यास, उपखण्ड आलोट, जिला रतलाम

आलोट, दिनांक 02 फरवरी, 2016

प्रारूप-चतुर्थ

[देखिये नियम पाँच (एक)]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 एक का अधिनियम तीसवां की धारा-5(2) मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट नियम-5(1)अनुसार]

क्र./284/री-1/16.—चूंकि श्री जोगणीया माता कुण्ड सेवा ट्रस्ट बरखेडाकला, तहसील आलोट, जिला रतलाम द्वारा अध्यक्ष श्री ठाकुर पीरूसिंह राठौर पिता दुलेसिंह जाति राठौर, निवासी-बरखेडाकला अन्य-1 ने मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अनुसार नीचे दर्शाई गई सम्पत्ति एवं पब्लिक ट्रस्ट का पंजीयन कराने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है. अतएव सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत दिनांक 02 मार्च, 2016 को प्रात: 11.00 बजे मेरे न्यायालय में सुनवाई की जावेगी.

2. अत: कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति का हितार्थी हो और उसे ट्रस्ट के संबंध में कोई आपत्ति/आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना चाहता है तो वह इस अधिसूचना के निकलने से एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत कर सकता है. नियत अवधि के दिन स्वयं या अपने अधिवक्ता या ऐजेन्ट द्वारा मेरे समक्ष में उपस्थित होंवे.

निर्धारित समय के समाप्त होने पर प्रस्तुत किये गये आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1. ट्रस्ट का नाम	. .	श्री जोगणीया माता कुण्ड सेवा ट्रस्ट बरखेडाकला, तहसील आलोट, जिला रतलाम (म. प्र.).
2. अचल सम्पत्ति का विवरण	. .	निरंक.
3. चल सम्पत्ति	. .	नगदी रुपये 21000/- जो वर्तमान में बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा आलोट में ट्रस्ट के खाता क्रमांक 9484420110000141 में जमा हैं.

आज दिनांक 02 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी.

वी. एस. चौहान,
अनुविभागीय अधिकारी.

(159)

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास, सागर

फार्म-4

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम-1962 के नियम-5(1) के द्वारा]

आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री लक्ष्मीचंद्र जैन, निवासी सागर, अखिल भारतीय श्री 1008 दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट

कल्पना भवन सुभाषनगर, सागर म.प्र. तहसील सागर द्वारा नियम 4-1 मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास विधान के अंतर्गत आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर श्री 1008 दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कल्पना भवन सुभाषनगर ट्रस्ट सागर मध्यप्रदेश न्यास के पंजीयन हेतु निवेदन किया है. जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 15 फरवरी, 2016 को प्रातः 11.00 बजे की जावेगी.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम, पता तथा सम्पत्ति का विवरण)

लोक न्यास का नाम	. .	श्री 1008 दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कल्पना भवन सुभाषनगर, सागर (म. प्र.).
पता	. .	कल्पना भवन सुभाषनगर, सागर (म. प्र.).
चल/अचल सम्पत्ति	. .	सिंडिकेट बैंक में जमा राशि एफ. डी. आर. 40,000/-.

संतोष चंदेल,
अनुविभागीय अधिकारी.

(160)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, जिला ग्वालियर

''कारण बताओ सूचना-पत्र''

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रबंधक,

हाईकोर्ट ब्रांच मिनिट्रियल साख सहकारी संस्था मर्या.,

ग्वालियर.

हाईकोर्ट ब्रांच मिनिट्रियल साख सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./114, दिनांक 31 मार्च, 1962 है, के संबंध में कार्यालयीन अधिकारी श्री भूपेन्द्र पाल सिंह जादौन, सहकारी निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आपकी संस्था को लगातार अकार्यशील एवं संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु अरुचिवान मानते हुए समिति को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुशंसा की गई है.

अतः संस्था द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण एवं प्रबंधकीय विधान का पालन न करने के कारण मैं, संजय दलेला, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 18 अगस्त, 2003 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपको अवसर प्रदान करता हूं कि आप उपरोक्त आरोपो के लिये सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 04 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा, कि आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार है. तद्नुसार विधि अनुरूप निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 04 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(139)

''कारण बताओ सूचना-पत्र''

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रबंधक,

जनरल इन्सोरेन्स साख सहकारी संस्था मर्या.,

ग्वालियर.

जनरल इन्सोरेन्स साख सहकारी संस्था मर्या., ग्वालियर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./412, दिनांक 13 जुलाई, 1983 है, के संबंध में

कार्यालयीन अधिकारी श्री भूपेन्द्र पाल सिंह जादौन, सहकारी निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आपकी संस्था को लगातार अकार्यशील एवं संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु अरुचिवान मानते हुए समिति को परिसमापन में लाये जाने हेतु अनुशंसा की गई है.

अत: संस्था द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण एवं प्रबंधकीय विधान का पालन न करने के कारण मैं, संजय दलेला, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 18 अगस्त, 2003 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपको अवसर प्रदान करता हूं कि आप उपरोक्त आरोपों के लिये सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 04 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा, कि आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार हैं. तद्नुसार विधि अनुरूप निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 04 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

संजय दलेला,
उपायुक्त (सहकारिता).

(139-A)

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/130.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., दहीवर, जिला धार जिसका पंजीयन क्रमांक 1510, दिनांक 27 मार्च, 2014 है. प्रबंधक, क्षेत्र संचालन इन्दौर, सहकारी दुग्ध संघ धार से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम, 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरुप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., दहीवर को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री विकास खराड़े, सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140)

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/131.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., करनावद, जिला धार जिसका पंजीयन क्रमांक 1555, दिनांक 10 अक्टूबर, 2014 है. प्रबंधक, क्षेत्र संचालन इन्दौर, सहकारी दुग्ध संघ धार से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम, 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरुप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., करनावद को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री विकास खराड़े, सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140-A)

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/132.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रुपाखेडा, तहसील बदनावर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1497, दिनांक 12 मार्च, 2014 है. श्री जे. सी. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ उज्जैन से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को अकार्यशील व निर्वाचन कराने की स्थिति में नहीं होने संबंधी पत्र प्रेषित किया है. पत्रानुसार संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रुपाखेडा, तहसील बदनावर को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री आर. सी. मालवीय, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140-B)

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/133.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., छोटा कठोडिया, तहसील बदनावर, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1498, दिनांक 12 मार्च, 2014 है. श्री जे. सी. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ उज्जैन से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को अकार्यशील व निर्वाचन कराने की स्थिति में नहीं होने संबंधी पत्र प्रेषित किया है. पत्रानुसार संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., छोटा कठोडिया, तहसील बदनावर, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री आर. सी. मालवीय, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140-C)

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/134.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., कचनारिया, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1541, दिनांक 30 सितम्बर, 2014 है. प्रबंधक, क्षेत्र संचालन इन्दौर, सहकारी दुग्ध संघ धार से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., कचनारिया को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री विकास खराड़े, सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140-D)

धार, दिनांक 22 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/135.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रतनपुरा, जिला धार, जिसका पंजीयन क्रमांक 1553, दिनांक 10 अक्टूबर, 2014 है. प्रबंधक, क्षेत्र संचालन इन्दौर, सहकारी दुग्ध संघ धार से निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची व अन्य दस्तावेज चाहे गये थे. वांछित जानकारी प्रस्तुत न करते हुए उनके द्वारा उक्त संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया है. संस्था मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं नियम 1962 तथा पंजीकृत उपविधियों के प्रावधानों का पालन नहीं कर रही है. इससे स्पष्ट होता है कि संस्था अकार्यशील होकर अपने उद्देश्य के अनुरूप कार्य नहीं कर रही है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रतनपुरा को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री विकास खराड़े, सहकारी निरीक्षक को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(140-E)

धार, दिनांक 30 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/192.— इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परि./2015/376, धार, दिनांक 24 मार्च, 2015 के द्वारा स्वस्तिक बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गाजनोद, तहसील बदनावर, जिला धार (म.प्र.) जिसका पंजीयन क्रमांक 1251, दिनांक 12 जून, 2009 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा- 69 के अंतर्गत परिसमापन में लाई जाकर धारा-70 (1) के अंतर्गत श्री आर. सी. मालवीय, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, धार को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न की जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के नियुक्त परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, ओ. पी. गुप्ता, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटी, जिला धार, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/ एफ-05-01-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत स्वस्तिक बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गाजनोद, तहसील बदनावर, जिला धार (म.प्र.) का पंजीयन निरस्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

ओ. पी. गुप्ता,
उप-पंजीयक.

(140-F)

कार्यालय परिसमापक, सहकारी संस्थाएं, जिला धार

धार, दिनांक 12 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के उपनियम-57 (1)(सी/ग) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/क्यू.-1.—कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला धार के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा-69 (2) के अंतर्गत निम्न सहकारी समितियों को परिसमापन में लाई जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है :-

क्रमांक	समिति का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	परिसमापन का आदेश क्रमांक/दिनांक
1.	अटल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या., बदनावर	1283/30-08-2011	27/04-01-2016
2.	श्यामला एग्रो को. ऑप. सह. संस्था मर्या., ढोलाना	1069/28-08-2001	30/04-01-2016

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1960 के उपनियम-57 (1)(सी/ग) के अंतर्गत उक्त सहकारी समितियों के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे समिति के विरुद्ध अपने समस्त दावों की इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दो माह के अंदर मय प्रमाण के मुझे लिखित रूप में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में सदस्यगण/साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे. यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा, तदानुसार समिति की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे तथा समिति के समस्त लेनदारी/देनदारी/आस्तियों का अंतिम रूप से निराकरण मेरे द्वारा कर दिया जावेगा.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 12 जनवरी, 2016 को मेरे द्वारा जारी किया गया है.

आर. सी. मालवीय,
परिसमापक एवं व.स.नि. सहकारिता.

(141)

कार्यालय परिसमापक, सहकारी समितियाँ, जिला सीहोर

सीहोर, दिनांक 09 फरवरी, 2016

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 के अन्तर्गत)

उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर के आदेश क्रमांक/परि./2016/60, दिनांक 14 जनवरी, 2016 द्वारा निम्न सहकारी संस्थाओं को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया :—

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	परि. में लाने का आदेश क्रमांक/दिनांक
1.	प्रा. पुलिस कर्म. उप. भण्डार मर्या., सीहोर	941/29-04-1989	60/14-01-2016
2.	प्रगतिशील उप. भण्डार मर्या., शुगर फेक्ट्री सीहोर	1260/26-07-2003	60/14-01-2016
3.	आदर्श प्रा. उप. भण्डार मर्या., बुधवारा आष्टा	971/31-12-1990	60/14-01-2016
4.	प्रगतिशील महिला उप. भण्डार मर्या., आष्टा	1092/30-12-1996	60/14-01-2016

अत: मैं, आर. सी. रैकवाल, सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर एवं उक्त संस्थाओं का परिसमापक मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 (सी) के अन्तर्गत यह सूचना प्रसारित करता हूँ कि उक्त सहकारी संस्थाओं के प्रति कोई दावे या आपत्ति या रिकार्ड हो तो वे इस सूचना-पत्र जारी करने के दिनांक से दो माह की समयावधि में मुझे कार्यालय पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर में मय प्रमाण के लिखित में प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात दावे या आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा संस्था के परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया जावेगा.

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संस्था के कर्मचारी सदस्य/सक्षम पदाधिकारी के पास कोई रिकार्ड परिसम्पत्ति या नगदी हो तो उसे तत्काल मेरे पास जमा करावें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.

(142)

सीहोर, दिनांक 09 फरवरी, 2016

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 के अन्तर्गत)

उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर के आदेश क्रमांक/परि./2015/731, दिनांक 04 अगस्त, 2015 द्वारा निम्न सहकारी संस्थाओं को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया :—

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	परि. में लाने का आदेश क्रमांक/दिनांक
1	2	3	4
1.	बीज प्रक्रिया व विप. सह. संस्था मर्या., जसमत	1491/05-08-2010	731/04-08-2015

1	2	3	4
2.	बीज प्रक्रिया व विप. सह. संस्था मर्या., हकीमाबाद	1527/10-01-2011	731/04-08-2015
3.	प्रा. बीज उत्पा. प्र. एवं विप. सह. संस्था मर्या., कन्नौद मिर्जी	1568/27-09-2010	731/04-08-2015
4.	अनु. जाति बहुउद्देश्यीय सह. संस्था मर्या., भंवरा	1402/07-06-2008	731/04-08-2015
5.	समर्थ स्वा. व ग्रामीण वि. सह. संस्था मर्या., आष्टा	1490/29-09-2010	731/04-08-2015
6.	दुग्ध उत्पा. सह. संस्था मर्या., बोरदी	1235/31-05-2003	731/04-08-2015
7.	दुग्ध उत्पा. सह. संस्था मर्या., सेमरी	1236/31-05-2003	731/04-08-2015
8.	दुग्ध उत्पा. सह. संस्था मर्या., पथोड़ा	1241/06-06-2003	731/04-08-2015
9.	दुग्ध उत्पा. सह. संस्था मर्या., अनूपनगर	1245/27-06-2003	731/04-08-2015
10.	दुग्ध उत्पा. सह. संस्था मर्या., चकल्दी	1246/19-06-2003	731/04-08-2015

अत: मैं, आर. सी. रैकवाल, सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर एवं उक्त संस्थाओं का परिसमापक मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 (सी) के अन्तर्गत यह सूचना प्रसारित करता हूँ कि उक्त सहकारी संस्थाओं के प्रति कोई दावे या आपत्ति या रिकार्ड हो, तो वे इस सूचना-पत्र जारी करने के दिनांक से दो माह की समयावधि में मुझे कार्यालय पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सीहोर में मय प्रमाण के लिखित में प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात दावे या आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा संस्था के परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया जावेगा.

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संस्थाओं के कर्मचारी सदस्य/सक्षम पदाधिकारी के पास कोई रिकार्ड परिसम्पत्ति या नगदी हो उसे तत्काल मेरे पास जमा करावें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.

आर. सी. रैकवाल,
सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक.

(142-A)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रशासन), सहकारिता, जिला बड़वानी

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/45.—कार्यालय आदेश क्रमांक/परि./2011/693, बड़वानी, दिनांक 24 नवम्बर, 2011 के द्वारा परिसमापक माँ भगवती खनिज उत्खनन सहकारी संस्था मर्या., ऊँचावदडेब, जिला बड़वानी जिसका पंजीयन क्रमांक 966, दिनांक 02 जून, 1995 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री राजेन्द्र सिरसाट, सहकारी निरीक्षक, जिला बड़वानी को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहूँचा हूँ कि, संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, के. एस. रघुवंशी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटीज, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(143)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/46.—कार्यालय आदेश क्रमांक/परि./2013/469, बड़वानी, दिनांक 16 जुलाई, 2013 के द्वारा परिसमापक दुग्ध उत्पादक

सहकारी संस्था मर्या., सालखेड़ा, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 1157, दिनांक 26 नवम्बर, 1997 है को मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री एस. एस. सोलंकी, विस्तार पर्यवेक्षक, दुग्ध शीत केन्द्र, बड़वानी को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहूँचा हूँ कि, संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, के. एस. रघुवंशी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटीज, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(143-A)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/47.—कार्यालय आदेश क्रमांक/परि./2013/469, बड़वानी, दिनांक 16 जुलाई, 2013 के द्वारा परिसमापक दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., नन्दगांव, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 1084, दिनांक 16 जनवरी, 1997 है को, मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री एस. एस. सोलंकी, विस्तार पर्यवेक्षक, दुग्ध शीत केन्द्र, बड़वानी को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहूँचा हूँ कि, संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, के. एस. रघुवंशी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटीज, जिला बड़वानी मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(143-B)

बड़वानी, दिनांक 30 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) (2) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/48.—कार्यालय आदेश क्रमांक/परि./2011/71, बड़वानी, दिनांक 17 जनवरी, 2011 के द्वारा परिसमापक लक्ष्मी ग्रा. महिला बहु. सहकारी संस्था मर्या., धमारिया, जिला बड़वानी, जिसका पंजीयन क्रमांक 153, दिनांक 27 सितम्बर, 2003 है को, मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री जे. एस. चौहान, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, जिला बड़वानी को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की परिसमापन कार्यवाही पूर्ण करके संस्था का स्थिति विवरण पत्रक निरंक किया जाकर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहूँचा हूँ कि, संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, के. एस. रघुवंशी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटीज, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1)(2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का (बॉडी कार्पोरेट) निकाय समाप्त करता हूँ.

आज दिनांक 30 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

के. एस. रघुवंशी,
सहायक रजिस्ट्रार.

(143-C)

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्या., गोठनियाखुर्द का पंजीयन क्रमांक झाबुआ/1116, दिनांक 08 जुलाई, 2014 को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धार-69 (3) के अन्तर्गत संस्था को परिसमापन में लाये जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र कार्यालयीन पत्र क्रमांक/परि./2016/33 (ए), झाबुआ, दिनांक 20 जनवरी, 2016 को जारी किया जाकर संबंधितों को प्रति उत्तर प्रस्तुत करने के लिये 15 दिवस की समयावधि दी गई थी. निर्धारित समयावधि में कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोपों के सम्बन्ध में संस्था द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया एवं ना ही व्यक्तिगत सुनवाई हेतु उपस्थित हुए. इससे स्पष्ट है कि संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 एवं उसके अन्तर्गत बनाये गये नियम, 1962 तथा संस्था की उपविधियों में वर्णित प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा संस्था पूर्ण रूप से अकार्यशील होकर निष्क्रिय हो चुकी है. ऐसी स्थिति में संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अत: मैं, जी. एल. बडोले, उप-आयुक्त, सहकारिता, जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये है, अधिकारों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्या., गोठनियाखुर्द को परिसमापन में लाया जाता है तथा अधिनियम की धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री ओ. पी. पँवार, व. स. नि. को परिसमापक नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08 फरवरी, 2016 को जारी किया गया है.

